Title: Need for early laying of rail line between Reewa and Mirzapur,Uttar Pradesh- Laid.

श्री सुन्दरलाल तिवारी (रीवा): अध्यक्ष महोदय, रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन के निर्माण की उस क्षेत्र की जनता की मांग बहुत लम्बे समय से चली आ रही है। इस रेल लाइन के निर्माण से रीवा से मिर्जापुर, वाराणसी और पटना की ओर जाने आने वाले यात्रियों को आवागमन की काफी सुविधा हो जायेगी। मैं यहां यह भी कहना चाहूंगा कि रीवा में लाइम स्टोन प्रचुरता में उपलब्ध है और इसको मिर्जापुर तथा अन्य क्षेत्रों को भेजा जाता है। इस रेल लाइन का निर्माण न केवल वाणिज्यिक दृटि से उचित होगा, वरन इससे रीवा के चहुंमुखी विकास में भी मदद मिलेगी।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का निर्माण शुरू कराये जाने हेतु आवश्यक आदेश प्रदान करें।